# दूध और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता परीक्षण पर तकनीकी व्याख्यान आयोजित

विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के यूजी, स्नातकोत्तर और पीएचडी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी के यूजी छात्रों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.) द्वारा 'दूध एवं दुग्ध उत्पादों की संरचना एवं संदूषकों के विश्लेषण' विषय पर तकनीकी व्याख्यान सत्र का आयोजन पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग में किया गया। भारतीय मानक ब्यूरो, देहरादून शाखा के निदेशक एवं अध्यक्ष श्री सौरभ तिवारी ने दूध एवं दुग्ध उत्पादों की संरचना एवं संदूषकों के विश्लेषण से संबंधित विभिन्न प्रकार के मानकों की आवश्यकता, परीक्षण, गुणवत्ता के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों से यह भी आह्वान किया कि मौजूदा मानकीकरण में परिवर्तन अथवा नई मानकीकरण के विकास में सक्रियता से भागीदार कर भारत में मानकीकरण के विस्तारीकरण करने में अपना सहयोग प्रदान करें।

भारतीय मानक ब्यूरो के चेयर प्रोफेसर डा. एस.बी. सिंह ने जानकारी दी कि यह व्याख्यान बीआईएस के व्याख्यानमाला श्रृंखला के अंर्तगत आयोजित किए जा रहे हैं। इस व्याख्यानमाला श्रृंखला का पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में यह पहला व्याख्यान है। अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय डा. ए.एच. अहमद ने दूध एवं दुग्ध उत्पादों के क्षेत्रों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में मानकीकरण की भूमिका पर जोर दिया। पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान चैप्टर के संरक्षक डा. अमन काम्बोज का इस व्याख्यान के आयोजन एवं संचालन में सरहनीय योगदान रहा। पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. पी. प्रभाकरन ने दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता में मानकीकरण के पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस व्याख्यान में महाविद्यालय के डा. प्रणिता सिंह, डा. आर. हौझा, डा. मीना मृगेश सहित अन्य संकाय सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

